Title: Need to set up village defence committees and provide arms to the people in border districts of Jammu & Kashmir.

वैद्य विष्णु दत्त शर्मा (जम्मू) : सभापति महोदय, यह बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है। पाकिस्तान ने हमें कश्मीर में गुरिल्ला वारफेयर में धकेला है। लेकिन कश्मीर में हमारे सुरक्षा बलों ने बहुत अच्छे काम किये हैं। उनके सहयोग के लिए जो ग्राम सुरक्षा समितियां बनाई गई हैं वे बहुत उपयोगी साबित हुई हैं। इसलिए मेरा कहना है कि ग्राम सुरक्षा समितियां तादाद में और ज्यादा बनाई जाएं। खास तौर पर डोडा, भद्रवाह, पुंछ और राजौरी क्षेत्र में उन्हें बिल्कुल आधुनिक शस्त्र दिये जाएं, ताकि वे उग्रवादियों का मुकाबला कर सकें। इसके अतिरिक्त हमारे नेशनल बॉर्डर पर बड़ी तादाद में ग्राम सुरक्षा समितियां बनाना बहुत जरूरी है, ताकि वहां से इनफिल्ट्रेशन, शस्त्रों और मादक द्रव्यों की तस्करी को रोका जा सके। इसके अलावा रेलवे लाइन के दोनों ओर बसने वाले ग्रामों में भी ग्राम सुरक्षा समितियां बना दी जाएं और रेलवे ट्रैक की सुरक्षा का जिम्मा उन्हें दिया जाए। धन्यवाद।